**भारी बारिश** | 3 गर्भवती महिलाओं का किया गया रेस्क्यू, तेंदूखेड़ा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का कलेक्टर व अतिरिक्त कलेक्टर ने लिया जायजा

# दूसरे दिन भी नदी-नाले रहे उफान पर, जबेरा में युवक बहा





**नवभारत,हटा/तेंदूखेड़ा/दमोह 30 जुलाई.** दमोह सहित आसपास के जिलों में बारिश होने से जिले की नदी-नाले दूसरे दिन भी उफान पर रहे। इस दौरान एक युवक नाले में बह गया, जिसकी खोजबीन जारी है। जलभराव के चलते आवागमन बाधित होने के कारण तीन गर्भवती महिलाओं का रेस्क्यू किया गया।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने तेंदूखेड़ा क्षेत्र के तारादेही, खमतरा और जमरा सहित अन्य गांव के निवासियों से चर्चा करते हुये कहा कि नदी और नालों के किनारे बसे ग्रामों में पानी भरने से जहां संपत्ति की नुकसान हुआ है उसका सर्वे किया जायेगा. मकान, फसल, पशु या अन्य संपत्ति का नुकसान होने पर सरकार द्वारा नियमानुसार मुआवजा दिया जायेगा. कलेक्टर ने एक-एक गांव का मुआयना किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये. उन्होंने कहा कि अभी खमतरा से सारसबगली वाला पुल देखा, जिसका पहुंच मार्ग पूरी तरह से डैमेज हो गया है. उन्होंने इंजीनियर्स से कहा कि वह कल यहां आकर के देखेंगे और जैसे ही बारिश रुकती रिपेयरिंग का काम यहां पर शुरू कराएंगे. उन्होंने ग्रामीणों से कहा क कोशिश करें कि घर में पानी उबाल करके पियें, गंदा पानी बच्चों को बिल्कुल मत पिलाएं।

### पानी के तेज बहाव में पुल टूटा

पानी के तेज बहाव में व्यारमा नदी पर झापन के समीप बना बड़ा पुल बह गया. सूचना मिलते ही मौके पर एसडीओपी देवी सिंह ठाकुर पहुंचे और मौका स्थल से ग्रामीणों को दूरी बनाए रखने के निर्देश दिए।

### नाले में बहे युवक की खोजबीन जारी

जबेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत भदन नाला में बुधवार दोपहर नहाते समय एक युवक बह गया. जिसकी खोजबीन की जा रही है. मौके पर एसडीआरएफटीम से प्लाटून कमांडर योगेंद्र विश्वकर्मा और पूरी टीम लगी हुई है. विजय सागर निवासी 27 वर्षीय नीलेश गौंड नाम के व्यक्ति की तलाश की जा रही है.मौके पर जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान, प्रआ दीपक, वीरेंद्र भी पहुंचे और लोगों को जागरुक कर रहे हैं कि नदी नालों के पास ना रहे.

### सर्वे हेतु तीन सदस्यीय टीम गठित

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि जिले के तेंदूखेड़ा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का सर्वे प्रारंभ किया जा रहा हैं और सर्वे के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की गई है. टीम में राजस्व विभाग के पटवारी, कृषि विभाग का एक कर्मचारी और जनपद पंचायत को एक कर्मचारी, इस प्रकार 3 सदस्यों की टीम गांव का दौरा करेगी. कलेक्टर ने कहा कि खाने-पीने आदि बुनियादी व्यवस्था पर कल से काम तेजी से शुरू हो जाएगा. राहत शिविर चल रहे हैं, यहां के लिए अलग से सबके लिए खाने के पैकेट बनवा रहे हैं और यह पैकेट घर-घर जाकर या फिर एक सेंट्रलाइज्ड व्यवस्था के अंतर्गत वितरित किए जाएंगे.

**स्कूलों, महाविद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रो में आज अवकाश-** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरूवार 31 जुलाई को जिले के सभी शासकीय, अशासकीय, आईसीएसई, सीबीएससी, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, महाविद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्रो में अवकाश रहेगा. शैक्षणिक स्टॉफ विद्यालयों व महाविद्यालयों में उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करेगा.

### जुझार पुल के ऊपर आया पानी

सिद्ध क्षेत्र बांदकपुर से 10 की किलोमीटर दूर स्थित ग्राम जुझार के पास व्यारमा नदी उफान पर है. पुल पर 2 से 3 फिट पानी के कारण बुधवार शाम तक आवागमन बंद रहा. यह मार्ग बांदकपुर को जुझार होते हुए नोहटा जबलपुर मार्ग को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है. शंकर गौतम, अमित दुबे ने जुझार ग्राम पहुंच कर लोगों से मिले. पुल पार कर रहे लोगों को समझाया कि जब तक पुल पर पानी है आप पुल पार नहीं करे.

### कोपरा नदी का लगातार जलस्तर बढ़ रहा है

जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत बांसा तारखेडा के समीप बांसा, देवरान, हिनौता, भोंरासा, राजलबारी और भी मार्ग बंद बताय जा रहे हैं.बता दें की कोपरा नदी का जलस्तर विगत दिन से लगातार बढ़ रहा है, आसपास के नदी नाले उफान पर हैं. जागरूक करने के लिए थाना प्रभारी नोहटा अभिषेक पटेल के नेतृत्व में एएसआई विजय चौबे, प्रधान आरक्षक सूरज, प्रवीन और सैनिकों ने जुझार घाट, बमोरिया, हिनौती ठेंगा, लल्लूपुरा, कनेपुर, केवलारी रोहनी पुल और भी पुलों को देखा गया.

### ग्रामीणों का किया रेस्क्यू

इमलिया क्षेत्र के खर्रा घाट पुल आने के कारण आसपास के गांव के लोग पानी में फंसे हुए थे. मंगलवार रात एसडीएम आरएल बागरी, जनपद पंचायत सीईओ हलधर प्रसाद मिश्रा,तहसीलदार रॉबिन जैन, तहसीलदार आशुतोष गुप्ता और चौकी प्रभारी अक्षेंद्रनाथ ने पुलिस स्टाफ, जनप्रतिनिधि, सरपंच, सचिव और कर्मचारियों के साथ एसडीआरएफ टीम की मौजूदगी में क्षेत्र से ग्रामीणों को सुरक्षित नाव के माध्यम से रेस्क्यू किया. साथ ही उन्हें बेहतर भोजन, रूकने और सोने के लिए व्यवस्था की गई.

### आपदा प्रबंधन टीम का सराहनीय कार्य



एसडीआरएफकी प्लाटून कमांडर प्राची दुबे व उनकी टीम ने दो गर्भवती महिलाओं का रेस्क्यू कर तारादेही अस्पताल पहुंचाया. घटेरा में भी गर्भवती महिला का रेस्क्यू किया गया। बनवार के समीप घटेरा में गर्भवती महिला प्रियंका गौंड ग्राम गढ़िया मानगढ़, कुशाई निवासी का आपदा प्रबंधन के जवानों ने रेस्क्यू किया. मौके पर नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा, बीएमओ डॉ. डीके राय, चौकी प्रभारी मनीष यादव, पटवारी, आशा कार्यकर्ता सहित एसडीआरएफ की टीम ने सहयोग किया.

### गैसाबाद सहित तीन गांव पानी से घिरे



थाना प्रभारी प्रीति पांडे और पुलिस स्टाफ के साथ स्थानीय लोगों के द्वारा थाना गैसाबाद के व्यारमा पुल में प्रॉपर बैरिकेटिंग कराई गई. सिमरिया पुलिस व गैसाबाद पुलिस मौजूद हैं. अगर पुल के ऊपर पानी आया तो लगभग गैसाबाद व पन्ना जिले का सिमरिया डूबने की कगार पर आ जाएगा. बतादे कि शाम को अदनबारा, इटवा छक्का व बलेह का आवागमन बंद है और इटवा छक्का गांव पूरे पानी से चारों ओर घिर गया है. खबर लिखे जाने तक अभी पुल से 15 फीट नीचे पानी है.

---

## एक नजर में

### नरेश कुमार साहू प्रतिनिधि नियुक्त



**नवभारत, दमोह.**नरेश कुमार साहू हिंडोरिया वाले को तेली घनी बोर्ड मप्र शासन बोर्ड के अध्यक्ष रवि किरण साहू ने दमोह जिला के हटा विधानसभा के प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति पर लोगों ने बधाई दी।

### कदम व अशोक के पौधे किए रोपित

**नवभारत, दमोह।** लोक कल्याण व सद्भावना समिति राजस्व कर्मचारी कल्याण संघ दमोह द्वारा मंगलवार को प्राथमिक शाला तेजगढ़ में बच्चों को पेंसिल बॉक्स, पानी की बॉटल आदि उपहार वितरित किए गए तथा स्कूल में एक पेड़ मां के नाम से बच्चों को समर्पित करते हुआ कदम व अशोक के पौधे रोपित किये गए। राजस्व कर्मचारी कल्याण संघ के राजस्व निरीक्षक व पटवारी साथियों ने बच्चों को साफसफाई, पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया व नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। आज के कार्यक्रम में पटवारी जीवन साहू, आशीष साहू, मनीष सिंह, हेमराज अठ्या, सुनील पटेल, सुशील पटेल, अजय पटेल, दिनेश पटेल अभिनंदन जैन, सतीन्द्र जैन, अंकित अवस्थी, शुभम वरदिया, संजय पटेल तेजगढ़ रोजगार सहायक नारायण सींग एवं स्कूल के शिक्षकों की उपस्थिति रही।

### चोरी के इरादे से घर में घुसा, महिला प्रोफेसर पर दनादन किए चाकू से सात वार

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत कृष्ण परिसर में बुधवार को दिनदहाड़े चोरी के इरादे से घर में घुसे चोर ने मेडिकल में पदस्थ असिस्टेंट प्रोफेसर पर चाकू ताबड़तोड़ वार कर दिए। दनादन करीब सात वार किए हमले में डॉक्टर खून से लथपथ हो गई चीख पुकार सुनकर पड़ोसी पहुंच गए जिन्होंने चोर को धरदबोचा। जिसके पुलिस के हवाले किया गया वहीं घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। कृष्णा परिसर गढ़ा में रहती हैं और वह नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज की मेडिसिन विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर है। उनके पति धीरेन्द्र सिंह रामपुर शक्ति भवन मप्र विद्युत मंडल के आईटी विभाग में प्रोग्रामर के पद पर पदस्थ हैं। रामपुर निवासी मुकुल कहार का बॉटल और केन के जरिए पानी सप्लाई करता है बुधवार को नीलमा के घर में पानी देने पहुंचा था और काम मांगने के साथ कहने लगा था कि पानी उसी से लिया करो तो डॉक्टर ने मना कर दिया था। बुधवार को पति ड्यूटी पर चले गए थे नीलम घर में अकेली थी तभी मुकुल दोपहर दो बजे पहुंचा वह लेडीज कपड़े पहनकर पहुंचा था जैसे ही गेट खुला तो उसने उसने अचानक डॉ पर चाकू से पेट में वार कर दिए। चीख पुकार सुनकर लोग पहुंच गए और उसे पकड़ लिया पूछताछ में उसने बताया कि वह चोरी करने के इरादे से घुसा था। पुलिस ने रिपोर्ट पर हत्या के प्रयास समेत चोरी के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।



### मोहम्मद मैनुद्दीन आज होंगे सेवानिवृत

**जबलपुर।** आज खेलधानी जबलपुर में नन्हें भाईजान नाम किसी परिचय का मोहताज नहीं है। ना केवल खेल जगत बल्कि हर सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक गतिविधियों में आपकी उपस्थिति सफलता की गारंटी मानी जाती है । नन्हें भाईजान आज शासकीय सेवा पश्चिम मध्य रेलवे से रिटायरमेंट हो रहे हैं। अस्सी के दशक में हॉकी में महारत हासिल करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए वर्ष 1983 में नैल्लोर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की हॉकी प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश को स्वर्णिम सफलता दिलाने में अहम भूमिका निभाई । आंध्रप्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री के करकमलों से विजेता ट्राफी उठाते हुए आपकी वो तस्वीर आज भी आंखों में इस तरह समाई है कि लगता है कल की ही बात हो । फिर दिल्ली में आयोजित जूनियर नेहरू हॉकी प्रतियोगिता में पश्चिम जर्मनी स्कूल ब्वायज टीम के विरुद्ध अपने करिश्माई खेल से जर्मनी की अग्रिम पंक्ति के कई आक्रमण को विफल करते हुए अपनी टीम के लिए यादगार मैच खेलकर दिल्ली की खेल प्रेमी जनता का दिल जीता । वर्ष 1982 में जबलपुर व वर्ष 1983 में भोपाल में आयोजित जूनियर नेशनल हॉकी प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की उस टीम में प्रतिनिधित्व किया था।



---



### तीज झूले की भव्य झांकी सजाई गई

**नवभारत, दमोह ।** श्रावण तीज झूला महोत्सव पर प्रतिवर्ष अनुसार श्री देव जानकी रमण बंदाबहू मंदिर दमोह में झूला की भव्य झांकी सजाई गई है, जिसका सैकड़ों की संख्या में दर्शनार्थियों ने दर्शन किए एवं भजन संकीर्तन का भी लाभ लिया. पुजारी रामेश्वर शर्मा ने बताया कि यह झूलन महोत्सव मंगलवार को श्रावण तीज से रक्षाबंधन की पूर्णिमा तक रहेगा और ठाकुर प्रतिदिन झूला झूलते रहेंगे

श्री देव जानकी रमन बंदाबहू मंदिर दमोह में दिनांक 24 जुलाई से 1 अगस्त तक शिव पुराण की कथा चल रही है, जिसमें माधव मधुकर पंडित द्वारा कथा श्रवण कराई जा रही है। जिसमें सैकड़ो की तादाद में श्रद्धालु भक्ति वृद कथा को श्रवण करने आ रहे हैं।

## प्रकृति सेवा, आस्था व परंपरा का दिया संदेश

### श्री जागेश्वर धाम में महारुद्राभिषेक अनुष्ठान का समापन




**नवभारत,दमोह** .श्रावण मास में श्री जागेश्वर धाम, बांदकपुर में जारी 11 दिवसीय विश्वकल्याणार्थ महारुद्राभिषेक अनुष्ठान का षष्ठम दिवस बुधवार को आध्यात्मिक भाव, परंपरा और प्रकृति सेवा के समर्पण के साथ संपन्न हुआ.

मंदिर ट्रस्ट के आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि यह आयोजन मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक जी के मार्गदर्शन में चल रहा है.इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में श्री जागेश्वर नाथ मंदिर के पुनरुत्थानकर्ता दीवान बालाजीराव चांदोरकर जी के वंशज श्री अखिलेश प्रभाकर चांदोरकर सपरिवार उपस्थित रहे. उनके साथ सजल व सुलभ सोनी सपरिवार तथा कुंजबिहारी शुक्ला सपरिवार ने भी रुद्राभिषेक अनुष्ठान में भाग लेकर भगवान श्री जागेश्वरनाथ की आराधना की. विगत दिनों पंडित रामबाबू तिवारी व पुत्र पीयूष तिवारी ने सहपरिवार ने पूजन कर वेद मंत्रोच्चार के साथ विधिवत संपन्न हुआ. रुद्राभिषेक के उपरांत सभी यजमानों द्वारा गोवर्धन पर्वत क्षेत्र (धेनुवन) में पौधरोपण किया गया. कार्यक्रम को मंदिर द्वारा संचालित एक पेड़ मां के नाम अभियान से जोड़ा गया. इसके अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न प्रजातियों के छायादार, फलदार व औषधीय पौधों का रोपण किया जा रहा है. यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ पर्यावरणीय चेतना को भी जागृत करता है।

### पहलवानों ने दिखाएं शानदार दांव पेच

**नवभारत, दमोह।** चंद्रशेखर पाठक की स्मृति में जटाशंकर धाम दमोह में नाग पंचमी के अवसर पर महंत मोनू पाठक के संयोजन में विशाल इनामी दंगल का आयोजन किया गया. इसमें जिले सहित प्रदेश के सागर, शाहगढ, कटनी, जबलपुर, महोबा, गढ़ाकोटा व कोने-कोने से ख्याति प्राप्त पहलवानों ने शानदार दाव पेंच दिखाएं. महेश पहलवान, भरत पहलवान, एनआईएस कोच धर्मेंद्र पहलवान, राम मिश्रा, जितेंद्र पहलवान, मूलचंद पहलवान, सेवक रजक ने दंगल संपन्न कराया. इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक और जटाशंकर धाम दमोह के महंत पं. मोनू पाठक विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला अध्यक्ष अजय खत्री, मंदिर ट्रस्ट से महेश राय जिला पंचायत सदस्य चटन पटेल, गोलू मनीष पाठक, कृष्णा पटेल, तरुण कोरी, श्रवण पाठक की उपस्थिति रही.

### गले में रुई फंसने से बच्चे की मौत



**नवभारत,दमोह.**घर में एक माह के बच्चे के गले में रूई फंस जाने से सांसें थम जाने का दुखद घटनाक्रम सामने आया है. परिजनों के अनुसार एक माह के बच्चे के चेहरे पर सफाई करते वक्त रूई मुंह के अंदर चली गई और वह जाकर गले के अंदर फंस गई, जिससे सांस न लेने के कारण एक माह के बच्चे को तत्काल एक निजी और जिला अस्पताल ले गए, जहां ड्यूटीरत डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने बताया कि मृतक अमित ठाकुर बजरिया वार्ड नंबर 4 दमोह निवासी के एक माह के पुत्र वेद की मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है. रात में जब परिजन मृत बच्चे को घर ले जा रहे थे, तभी सिटी कोतवाली मनीष कुमार स्टाफ के साथ जिला अस्पताल पहुंचे और डॉक्टर और परिजनों से जानकारी लेकर एक माह के बच्चे का पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित जिला अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है.

**जहरीला पदार्थ का सेवन करने से मौत-** जहरीला पदार्थ का सेवन करने से 47 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई.प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक बबलू पिता प्रभु सिंह उम्र 47 वर्ष निवासी सवा लाख मानस पाठ बजरिया 5 की मौत हो जाने पर पुलिस जांच में में जुटी हुई है।

**फांसी लगाकर की आत्महत्या-** मारूताल में मानसिक रूप से परेशान युवक ने घर में ही फांसी लगाकर जान दे दी. पुलिस ने बताया कि मृतक नंदू ठाकुर 30 वर्ष मारूताल देहात थाना की मौत हो जाने पर जबलपुर नाका चौकी से प्रधान आरक्षक नंदलाल और आरक्षक शहवाज ने पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई की.

### बजरंगियों का जत्था बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना

**नवभारत, दमोह।** बजरंग दल द्वारा बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी की जा रही है. इस यात्रा में देश के कोने-कोने से बजरंगी जाते हैं. यह यात्रा बजरंगदल की बाबा बूढ़ा अमरनाथ साहसिक यात्रा, जो पूरे महाकौशल प्रांत के सभी जिलों से अधिक संख्या में बजरंगी जाते हैं. यात्रा में विहिप बजरंगदल मातृशक्ति, दुर्गावाहिनी से सभी अधिक संख्या में शामिल होते हैं. मंगलवार को दमोह से यात्रा में जिला संयोजक गोलू चौबे, सुरक्षा प्रमुख दीपक पटेल, बालूपासना प्रमुख रोहित बाल्मीकि के साथ आयुष दुबे, अंकित उपाध्याय, दीपेश सेन के साथ दुर्गावाहिनी की याची शर्मा भी यात्रा में शामिल हुई. सभी बजरंगियों को जिला मंत्री शम्भु विश्वकर्मा, विभाग मंत्री नरेंद्र जैन, नगर मंत्री देवेश ठाकुर सभी की शुभकामनाएं दीं.



### स्कूली बच्चों को जूते व छतरियां वितरित

**नवभारत, दमोह।** लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा ग्राम कच्छवा में पहुंचकर एक सराहनीय सेवा कार्य किया गया। क्लब की ओर से सभी स्कूली बच्चों को जूते, छतरियाँ व खाद्य सामग्री वितरित की। बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान इस बात का प्रमाण थी कि यह कार्य कितना सार्थक और प्रभावी रहा। इस सेवा कार्य को क्लब की अंजना सोनी और रमा अग्रवाल द्वारा किया गया। क्लब अध्यक्ष स्मृति खरे ने कहा कि यह अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि हम समाज के उन कोनों तक पहुंच रहे हैं, जहां वास्तव में हमारी सेवाओं की आवश्यकता है। एरिया अधिकारी रोजी बग्गा ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को बधाई दी और विश्वास दिलाया कि ऐसे सेवा कार्य आगे भी जारी रहेंगे। इस अवसर पर क्लब सचिव पूजा सचदेव के साथ ज्योति सचदेव, राजनी खरे,रिम्मी जुनेजा, आशु स्वर्णकार, आशा अग्रवाल,रितु यादव सदस्यों की उपस्थिति रहीं। शाला की शिक्षिका मीना पाठक का विशेष सहयोग रहा।

---

**समारोह** | 15 दिन चले नशा मुक्ति अभियान का पुरस्कार वितरण के साथ समापन

## विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को बांटे गए प्रमाण पत्र




**नवभारत,दमोह 30 जुलाई।** प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाना के निर्देशन में दमोह में नशा मुक्ति अभियान का समापन बुधवार को समापन हुआ। प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय में महानिरीक्षक सागर डॉ. हिमानी खन्ना, डीआईजी सुनील कुमार पांडे और पुलिस अधीक्षक सोमवंशी के निर्देशन में तथा एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया. उत्कृष्ट विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता में कुल 62 प्रतिभागियों ने भाग लिया था, जिसमें प्रथम पेंटिंग प्रतियोगिता में मनोज विश्वकर्मा, दूसरा स्थान चाहत खान और तृतीय स्थान पर भाग्यश्री ठाकुर को प्रमाण पत्र और पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

### एसपी ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाई

शासकीय मॉडल स्कूल में रंगोली व पेंटिग प्रतियोगिता आयोजित कर पुरस्कार वितरित किए गए तथा नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई. प्रशांत सुमन एसडीओपी हटा व निरीक्षक धर्मेंद्र उपाध्याय ने जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान में रंगोली, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कर नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई. अभियान के समापन पर सोमवंशी पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर कार्यालयीन स्टाफ को शपथ दिलाई तथा पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए गए अभियान की मंशा व अभियान की प्रगति से अवगत कराया।